डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

दिनॉक: 18 मई, 2022

पत्रांक: ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5803

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषय: सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सबन्ध में कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5758 दिनांक 02 मई, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर फेज–1 (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ERP के माध्यम से दिनॉक 04.05.2022 से दिनॉक 14.05.2022 के मध्य भरे जाने की सूचना दी गयी थी। उक्त के क्रम में यह अवगत कराना है कि समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष तथा बी0टेक, बी0फार्म के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रों को छोड़ कर अन्य समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र / छात्रों के परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि को संस्थानों एवं छात्र / छात्राओं द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय की 66 वीं विद्यापरिषद की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार विलम्ब शुल्क रू0 2,500 / जमा करते हुए दिनांक 20 मई, 2022 को रात्रि 12.00 बजे तक परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि विस्तारित की जाती है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष तथा बी0टेक, बी0फार्म के द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रों के सम सेमेस्टर फेज–2 (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म माह जून, 2022 में पुनः खोले जायेंगे।

अतः आप से अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के द्वारा समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

18/05/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनॉक: उपरोक्त।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक (एस0) / उप परीक्षा नियंत्रक (डी), ए0के0टी0यू0, लखनऊ ।
3. प्रभारी, ERP ए0के0टी0यू0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
5. सुश्री सादिका कौसर, प्रोग्रामर, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0 को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्तानसुार फार्म भरवाये जाने की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक